अजमेर के अलीपुरा गांव स्थित दो सरकारी स्कूलों में पांच साल से शिक्षकों के पद रिक्त

राजकीय सीनियर माध्यमिक और माध्यमिक विद्यालय में शिक्षकों के कई पद रिक्त होने से बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है

अजमेर, (निसं)। पीसांगन क्षेत्र के अलीपुरा गांव में शिक्षा व्यवस्था को लेकर ग्रामीणों में रोष बढ़ता जा रहा है। गांव में संचालित राजकीय सीनियर माध्यमिक विद्यालय एवं राजकीय माध्यमिक विद्यालय में पिछले करीब पांच वर्षों से शिक्षकों के पद रिक्त पड़े हैं। लंबे समय से शिक्षकों की नियुक्ति नहीं होने के कारण विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। ग्रामीणों का कहना है कि विद्यालयों में पर्याप्त शिक्षक नहीं होने से विद्यार्थियों को विषयवार अध्ययन में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

- **ग्रामीणों का कहना है कि विद्यालयों में पर्याप्त शिक्षक नहीं होने से विद्यार्थियों को विषयवार अध्ययन में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है**
- **शिक्षकों की कमी को लेकर अलीपुरा के ग्रामीण अजमेर पहुंचे और कलैक्टर को ज्ञापन सौंपकर विद्यालयों में रिक्त पदों को जल्द भरने की मांग की**

शिक्षकों की कमी को लेकर अलीपुरा गांव के ग्रामीण बुधवार को अजमेर पहुंचे और जिला कलैक्टर को ज्ञापन सौंपकर विद्यालयों में रिक्त पदों को जल्द भरने की मांग की। ग्रामीणों ने बताया कि गांव के दोनों विद्यालयों में बड़ी संख्या में विद्यार्थी अध्ययनरत हैं, लेकिन लंबे समय से शिक्षकों की कमी बनी हुई है। ऐसे में विद्यार्थियों को नियमित रूप से गुणवत्तापूर्ण शिक्षा नहीं मिल पा रही है। ग्रामीणों ने बताया कि विद्यालय में करीब पांच वर्ष से शिक्षकों के पद रिक्त हैं। समय बीतने के बावजूद शिक्षा विभाग की ओर से इन पदों को भरने के लिए प्रभावी कदम नहीं उठाए गए हैं। शिक्षकों की कमी का सीधा असर विद्यार्थियों की पढ़ाई पर पड़ रहा है। कई विषयों की पढ़ाई नियमित रूप से नहीं हो पा रही है, जिससे विद्यार्थियों को पाठ्यक्रम पूरा करने में भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

ग्रामीणों का कहना है कि सरकारी विद्यालय ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों की शिक्षा का प्रमुख माध्यम हैं। ऐसे में यदि विद्यालय में ही पर्याप्त शिक्षक उपलब्ध नहीं होंगे तो विद्यार्थियों के शैक्षिणक भविष्य पर इसका प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। जिला कलैक्टर को दिए ज्ञापन में ग्रामीणों ने विद्यालयों में चल रहे सभी रिक्त पदों को शीघ्र भरने की मांग की। उन्होंने कहा कि शिक्षकों की कमी को दूर करने के लिए शिक्षा विभाग को तत्काल कार्रवाई करनी चाहिए, ताकि विद्यार्थियों की पढ़ाई सुचारू रूप से संचालित हो सके।

दुष्कर्मी को 20 साल की सजा

कोटा, (निसं)। नाबालिग से दुष्कर्म के डेढ़ साल से अधिक पुराने मामले में पॉस्को क्रम-2 न्यायालय ने सुनवाई करते हुए पकड़े गये आरोपी किशोर को दोषी मानते हुए 20 साल की सजा सुनाई। विशिष्ट लोक अभियोजक वीरेन्द्र सिंह भानावत ने बताया कि 25 सितम्बर 2024 को पीड़िता की मां ने शहर के एक थाने में रिपोर्ट दी। पीड़िता की मां ने रिपोर्ट में कहा कि उसकी 15 वर्षीय नाबालिग बेटी 16 सितम्बर 2024 की रात्रि को बिना बताये घर से लापता हो गई, जिसको रिश्तेदारों व आस-पास काफी तलाश किया पर उसकी बेटी को कुछ पता नहीं चला। पीड़िता की मां ने रिपोर्ट में कहा कि उसकी बेटी एक लड़के से बात करती थी उसको शक है वह लड़का उसकी बेटी को भगाकर ले गया है। पुलिस ने पीड़िता की मां की रिपोर्ट पर मामला दर्ज किया, पुलिस ने मामले में कार्यवाही करते हुए बालिका को दस्तयाब कर आरोपी किशोर को विधिसंघर्षरत् निरूद्ध किया। पुलिस ने मामले में अनुसंधान के बाद मामले में पॉस्को एक्ट की धाराओं में मामला दर्ज किया।

स्वच्छता जल एवं सामुदायिक स्वास्थ्य परियोजना

क्रमांक: एफ( )//निविदा/निदे/स्वच्छ/2026-27/ दिनांक: 19.08.2026

E-TENDER NOTICE :- 17/2026-27 and 18/2026-27

NIB :- SWP2627A0056 NIB :- SWP2627A0057

जनजाति क्षेत्रीय विकास विभाग अन्तर्गत स्वच्छ परियोजना के मार्फत धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान (DAJGUA) के अंतर्गत वर्ष में अनुमोदित जनजातीय बालक/बालिका छात्रावास/आवासीय विद्यालयों में निर्माण कार्य 17/2026-27 कुल निविदा 11 एवं 18/2026-27 कुल निविदा 48 करवाये जाने हेतु ई-बाली सूचना दिनांक 20.08.2026 से आमंत्रित की जाती है। उक्त बोली से सम्बन्धित विस्तृत जानकारी www.eproc.rajasthan.gov.in, www.sppp.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकेगी।

DIRECTOR-SWACH PROJECT UDAIPUR

राजस्थान सरकार

कार्यालय चिकित्सा अधीक्षक, प्रिंस बिजय सिंह मेमोरियल (पी.बी.एम.) सम्बद्ध चिकित्सालय वर्ग, बीकानेर

क्रमांकः- ए.जी.एच. / लेखा (क्रय) / 2026/25325 दिनांक :- 14/8/26

अल्पकालीन ई-बोली आमंत्रण सूचना

(Stt.E-NIB No. 13/2026-27)

पी.बी.एम. चिकित्सालय में एब्जेबेन्ट कॉटन वूल आई.पी.ग्रेड नॉन स्टरलाईज्ड 500 ग्राम पैकेट रोल के क्रय हेतु मूल निर्माताओं, अधिकृत विक्रेताओं, आपूर्तिकर्ताओं एवं बोलीदाताओं से दोहरी बिड पद्धित (तकनीकी व वित्तीय बिड) से आमंत्रित निविदा में इच्छुक बोलीदाता दिनांक 22.08.2026 से 29-08-2026 सांय 05:00 बजे तक निविदा डाउनलोड/अपलोड कर सकते है। बोली आमंत्रण सूचना की महत्वपूर्ण शर्ते व पूर्ण विवरण "http://eproc.rajasthan.gov.in" तथा "http://sppp.rajasthan.gov.in" पर देखी जा सकती है। ई-बोली की कुल अनुमानित लागत 100 लाख है।

UBN NO:- MCB2627GLLB00088

चिकित्सा अधीक्षक
प्रिंस बिजय सिंह मेमोरियल (पी.बी.एम.)
सम्बद्ध चिकित्सालय वर्ग, बीकानेर

DIPR/C/15327/2026

OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER PWD, DIVISION BHILWARA

No.- 2847 Date: 13.08.2026

NIB CODE:- PWD2627A2325

Notice Inviting Bid 10/2026-27

Bids for "Construction of Atal Pragati Path at Approach Road Sahada under B.A. 2026-27 under Dn. Bhilwara" work are invited form interested bidders upto 06.00 PM Dated 24.08.2026 (Monday). Other particulars of the bid may be visited on the procurment portal (http://eproc.rajasthan.gov.in, http://sppp.raj.nic.in) of the state. The approximate values of the procument is Rs. 173.32 Lacs, (Total of 1 Bid).

UBN No. PWD2627WSOB10305

(B.L. Regar)
Executive Engineer
PWD Division Bhilwara
Mob. No. 94145-74926

DIPR/C/15122/2026

प्रारंभिक और माध्यमिक शिक्षा निदेशालय को निदेशक का इंतजार

बीकानेर, (निसं)। प्रदेशभर के 1 लाख से ज्यादा सरकारी और प्राइवेट स्कूलों का संचालन देखने वाले प्रारंभिक और माध्यमिक शिक्षा निदेशालय के निदेशक का पद खाली रह गया है। इसमें माध्यमिक शिक्षा निदेशक का पद तो 14 महीनों से रिक्त है। पहले सीताराम जाट को कार्यवाहक लगाया गया था, अब उनके रिटायर होने पर ललित कुमार को कार्यवाहक की जिम्मेदारी सौंप दी गई है।

गौरतलब है कि आईएएस अधिकारी आशीष मोदी के ट्रांसफर के बाद तत्कालीन प्रारम्भिक शिक्षा निदेशक सीताराम जाट को माध्यमिक शिक्षा का जिम्मा सौंपा गया था। इसके बाद से सीताराम जाट प्रारम्भिक शिक्षा के बजाय माध्यमिक शिक्षा निदेशालय में ही बैठते थे। प्रारम्भिक शिक्षा के अधिकारी माध्यमिक शिक्षा निदेशालय में आकर उनसे मिलते थे। पिछले दिनों 30 जुलाई को सीताराम जाट रिटायर हो गए। इसके बाद माध्यमिक शिक्षा के साथ ही प्रारम्भिक शिक्षा का चार्ज जयपुर में पदस्थापित ललित कुमार को सौंप दिया गया। ललित कुमार के पास पहले से सोशल जस्टिस, पंचायती राज, भीमराव अंबेडकर फाउंडेशन और बाल अधिकार आयोग के सदस्य सचिव जैसी जिम्मेदारी है। उन्हें ही माध्यमिक शिक्षा निदेशक का अतिरिक्त कार्यभार दिया गया।

- **14 महीने से पद खाली, कार्यवाहक जयपुर से संभाल रहे जिम्मेदारी**

राज्य सरकार ने सोमवार देर रात एक आदेश जारी करके आईएएस अधिकारियों के ट्रांसफर किए, लेकिन माध्यमिक शिक्षा निदेशालय को निदेशक नहीं मिल पाया। उम्मीद की जा रही थी कि ललित कुमार को ही माध्यमिक शिक्षा की स्थाई जिम्मेदारी सौंपी जाएगी। जून 25 तक प्रारंभिक और माध्यमिक शिक्षा में 2 अलग-अलग आईएएस बैठते थे। इसके बाद जून 25 में दोनों के बीच एक आईएएस कर दिया गया। अब हालात ये हैं कि दोनों के लिए कोई आईएएस नहीं है, बल्कि जयपुर के अधिकारी को इसका जिम्मा सौंपा गया है। आईएएस ललित कुमार भी जयपुर से ही दोनों निदेशालयों को संचालित कर रहे हैं।

उदयपुर कृषि उपज मंडी का कार्मिक 24 हजार की रिश्वत लेते गिरफ्तार

उदयपुर, (निसं)। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो उदयपुर की टीम ने कृषि उपजमण्डी उदयपुर के कार्मिक को चौबीस हजार रूपये रिश्वत लेते गिरफ्तार किया।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के महानिदेशक पुलिस गोवन्दि गुप्ता ने बताया कि एसीबी कार्यालय उदयपुर को परिवादी द्वारा शिकायत दी कि वह कलडवास उदयपुर में आटा मिल का संचालन करता है तथा कृषि उपज मण्डी सविना एवं अन्य व्यापारियों के माध्यम से गेहूं की वैध खरीद करता है। मार्च 2026 से आरोपी मनोहरलाल कृषि उपजमण्डी उदयपुर कार्मिक मनोहरलाल परिवादी से जुड़े व्यापारियों के गेहूं से भरे ट्रेक्टरों को रोककर चेकिंग के नाम पर तत्काल बिल प्रस्तुत करने का दबाव बनाया जा रहा था तथा बिल प्रस्तुत नहीं करने पर चालान किए जा रहे थे। इस संबंध में आरोपी से बातचीत करने पर उसके द्वारा परिवादी के साथ व्यापार करने वाले व्यापारियों के ट्रेक्टरों को चेक नहीं करने एवं उनके चालान नहीं बनाने तथा परिवादी द्वारा खरीदे गए गेहूं के बिलों की प्रतियां उपलब्ध नहीं कराने पर उसके विरूद्ध राजस्थान कृषि उपज मण्डी नियमों के तहत पेनल्टी नहीं लगाने की एवज में तत्कालीन सचिव कृषि उपजमण्डी सविना उदयपुर मदन गुर्जर के नाम पर प्रतिमाह रिश्वत राशि की मांग की गई। परिवादी से आरोपी द्वारा अप्रेल 2025 से मार्च 2026 तक की अवधि के लिए 65 हजार रूपये रिश्वत की मांग कर प्राप्त की जा चुकी है। इसके पश्चात अप्रेल 2026 से जुलाई 2026 तक के चार माह की अवधि के लिए पुनः रिश्वत की मांग की जा रही थी। इस पर सत्यापन कराने पर परिवादी से आरोपी द्वारा रिश्वत की मांग की पुष्टि हुई। इस पर बुधवार को एसीबी उदयपुर रेंज के उप महानिरीक्षक पुलिस डॉ. रामेश्वरसिंह के पर्यवेक्षण एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनन्त कुमार के निर्देशन में पुलिस निरीक्षक रामसुमेर मीणा मय टीम ने ट्रेप कार्यवाही करते हुए आरोपी मनोहरलाल को 24 हजार रूपये नकद रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया।

राजस्थान सरकार

कार्यालय जिला निर्वाचन अधिकारी (कलक्टर), जालोर

क्रमांकः / चुनाव / लेखा/2026/512 दिनांकः 19/08/2028

निविदा सूचना

कार्यालय जिला निर्वाचन अधिकारी (कलक्टर), जालोर द्वारा आगामी पंचायतीराज एवं नगरीय निकाय चुनाव 2026 एवं अन्य चुनावों के लिए विभिन्न ई-निविदा एवं खुली निविदा आमंत्रित की जाती है, इच्छुक बोलीदाताओं एवं प्रतिष्ठित सदभावी पंजीकृत फर्मो / व्यवसायों / डीलरों से खुली बोली दर संविदा हेतु उक्त निविदाओं को आमंत्रित किया जाता है। बोली से संबंधित अन्य विवरण / आवेदन पत्र https://sppp.rajasthan.gov.in, https://eproc.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है। आमंत्रित निविदाओं का विवरण निम्नानुसार है-

क्र. सं.	निविदा का विवरण	UBN No.	बिड प्रस्तुत करने की अंतिम दिनांक	बिड प्रस्तुत करने का अंतिम समय	राशि (लाखों में)
1.	WATER CAMPER WITH R.O. CHILLED WATER	CJL2627 SLRC00031	21.08.2026	01.00 PM	12.00
2	PRINTING WORK OF POSTER, BANNERS AND PAMPHLETS	CJL2627 SLRC00032	21.08.2026	01.00 PM	12.00

प्रभारी अधिकारी चुनाव लेखा
जालोर

DIPR/C/15365/2026

अवैध हथियारों के साथ दो युवक गिरफ्त में

मुकुंदगढ़ में नाकाबंदी तोड़कर भाग रहे युवक को पीछा कर दबोचा

झुंझुनूं, (निसं)। जिले में अवैध हथियारों की धरपकड़ के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत झुंझुनूं पुलिस ने 18 अगस्त को दो अलग-अलग कार्रवाइयों में अवैध हथियारों के साथ दो युवकों को गिरफ्तार किया है। पिलानी पुलिस ने सक्रिय अपराधी आकाश उर्फ बिटु को अवैध देशी कट्टे सहित गिरफ्तार किया, जबकि डीएसटी व मुकुंदगढ़ थाना पुलिस की संयुक्त टीम ने मोहम्मद साद को अवैध देशी पिस्टल और बिना नंबर की अपाचे मोटरसाइकिल सहित दबोचा। दोनों मामलों में पुलिस ने हथियार जब्त कर आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार 18 अगस्त को पुलिस टीम गश्त पर थी। इसी दौरान सरकारी अस्पताल पिलानी के पास मुखबिर से सूचना मिली कि बेरी रोड, लुहारू बाईपास पुलिया की तरफ एक संदिग्ध युवक अवैध हथियार लेकर जा रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की और संदिग्ध युवक को डिटेन कर उसकी तलाशी ली। तलाशी में उसके कब्जे से एक अवैध देशी कट्टा बरामद हुआ। आरोपी से हथियार का लाइसेंस अथवा वैध अनुज्ञापत्र मांगा गया, लेकिन वह कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका। पुलिस ने हथियार जब्त कर आर्म्स एक्ट के तहत उसे गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार आरोपी के खिलाफ पहले से 6 आपराधिक प्रकरण दर्ज हैं।

- **पिलानी पुलिस ने सक्रिय अपराधी आकाश उर्फ बिटु को देशी कट्टे सहित गिरफ्तार किया**

इधर, डीएसटी और पुलिस थाना मुकुंदगढ़ की संयुक्त टीम ने भी अवैध हथियार के खिलाफ कार्रवाई करते हुए मोहम्मद साद पुत्र हारूण भाटी को देशी पिस्टल और बिना नंबर की अपाचे मोटरसाइकिल सहित गिरफ्तार किया। 18 अगस्त को टीम नाकाबंदी कर वाहनों की जांच कर रही थी। इसी दौरान बिना नंबर की अपाचे मोटरसाइकिल को रूकने का इशारा किया गया, लेकिन चालक नाकाबंदी तोड़कर बलरिया गांव की तरफ भागने लगा। पुलिस टीम ने पीछा किया और मुक्ति धाम बलरिया के सामने सड़क पर सरकारी वाहन आगे लगाकर मोटरसाइकिल को रोक लिया। मोटरसाइकिल को भगाकर ले जाने के संबंध में वह संतोषजनक जवाब नहीं दे सका। तलाशी लेने पर उसके कब्जे से एक लोकल मेड अवैध पिस्टल बरामद हुई। पुलिस ने पिस्टल के साथ बिना नंबर की अपाचे मोटरसाइकिल भी जब्त कर ली।

युवक की मौत

पावटा, (निसं)। भाबरु थाना क्षेत्र के ग्राम बागावास अहिरान में सर्विस रोड पर बुधवार को एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। केरली की तरफ से आ रहा दिल्ली रोड पर साईवाड निवासी बाइक सवार गोरीशंकर बीवाल (42) अनियंत्रित होकर सड़क किनारे लगे किलोमीटर लिखे पत्थर से टकरा गया। टक्कर के बाद बाइक सवार सर्विस रोड पर जा गिरा और गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे की सूचना मिलते ही इंटरसेप्टर टीम एवं उधर से आ रहे तहसीलदार पावटा लोकेंद्र मीणा ने तत्परता दिखाते हुए तत्काल एम्बुलेंस को मौके पर बुलाया व भाबरु थाना पुलिस को सूचित किया। घायल को उपचार के लिए उपजिला अस्पताल पावटा पहुंचाया गया, लेकिन चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने हादसे के कारणों की जांच शुरू कर दी है।

भारत-भूटान बॉर्डर पर छिपे दुष्कर्म व साइबर क्राइम के आरोपी को पकड़ा

भीलवाड़ा पुलिस टीम और साइबर सैल ने 2,100 किमी दूर भारत-भूटान सीमा से आरोपी को गिरफ्तार किया

भीलवाड़ा, (निसं)। महिला के साथ दुष्कर्म करने और उसकी फोटो-वीडियो एडिट कर सोशल मीडिया पर वायरल करने के संगीन मामले में पारोली थाना पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। भीलवाड़ा पुलिस की संयुक्त टीम और साइबर सैल ने करीब 2,100 किलोमीटर दूर पश्चिम बंगाल में भारत-भूटान सीमा से आरोपी को गिरफ्तार किया है।

पुलिस अधीक्षक सागर राणा ने बताया कि पारोली थाने में दर्ज प्रकरण के तहत पीड़िता ने आरोपी के खिलाफ बलात्संग, ब्लैकमेलिंग और आईटी एक्ट की गंभीर धाराओं में मामला दर्ज कराया था। वारदात के बाद आरोपी पुलिस से बचने और पहचान छुपाने के लिए लगातार ठिकाने बदल रहा था। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (शाहपुरा) अंजुम कायल व वृताधिकारी (कोटड़ी) सुरेश डाबरिया के सुपरविजन में कारोई थानाधिकारी सियाराम और पारोली थानाधिकारी कमलेश कुमार के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया। भीलवाड़ा साइबर सैल के एएसआई आशीष मिश्रा व टीम की मदद से आरोपी की लोकेशन ट्रेस कर उसे भूटान बॉर्डर (पश्चिम बंगाल) से धर दबोचा गया। पकड़ा गया आरोपी नारायण लाल (34) पिता भैरू लाल जाट, निवासी निमेड़ा थाना भिनाय, जिला अजमेर का रहने वाला है। पुलिस ने आरोपी को अदालत में पेश कर रिमांड पर लिया है, जिससे गहन पूछताछ की जा रही है।

Govt. of Rajasthan

Office of Deputy Director Women Empowerment Ajmer

Phone No: 0145-2627154, Email: ajmer.we@rajasthan.gov.in

क्रमांक : म.अ./अज/OSC/2026-27/1395 दिनांकः- 17/8/26

ई-बोली सूचना 01/2026-27

वन स्टॉप सेंटर अजमेर के संचालनार्थ जॉब बेसिस पर मानव संसाधन आपूर्ति बाबत श्रम विभाग एवं बिकी कर विभाग में पंजीकृत योग्य, अनुभवी एवं पंजीकृत संवेदकों से ई-बोली अनुमानित लागत 28.20 लाख रूपये निर्धारित प्रपत्र में आमंत्रित की जाती है। ई-बोली दिनांक 17/06/2026. को 05:00. 05:00. P.M. से डाउनलोड एवं दिनांक 15/09/2026 को 11: A.M. तक अपलोड की जा सकेगी एवं दिनांक 15/09/2026 को दोपहर 1:00 P.M. पर तकनीकी बोली खोली जायेगी। बोली आमंत्रण की सूचना, बोली की मुख्य शर्तों एवं तत्संबंधी विवरण वेबसाईट https://sppp.rajasthan.gov.in विस्तृत एवं विभागीय वेबसाईट https://eproc.rajasthan.gov.in एवं विभागीय वेबसाईट wcd.rajasthan.gov.in पर देखी एवं डाउनलोड की जा सकती है।

NIB NO: WMP2627A0094
UBN NO: WMP2627520800119

उप निदेशक
महिला अधिकारिता
अजमेर

DIPR/C/15300/2026

अफीम सहित हरियाणा के दो बदमाशों को दबोचा

नोहर, (निसं)। पुलिस ने मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए अवैध अफीम के साथ हरियाणा के दो युवकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने तस्करी में प्रयुक्त स्कॉर्पियो वाहन भी जब्त किया है। कार्रवाई थाना प्रभारी जगदीश प्रसाद के नेतृत्व में पुलिस टीम ने की।

पुलिस के अनुसार नोहर-जोरावरसर मार्ग पर साहवा तिराहे के पास नाकाबंदी के दौरान नोहर की ओर से आ रही एक स्कॉर्पियो को रोककर तलाशी ली गई। तलाशी में वाहन से 394 ग्राम अवैध अफीम बरामद हुई। पुलिस ने वाहन में सवार भजनलाल (36) पुत्र शंभूराम निवासी तड़कावाली, थाना नाथूसरी चौपटा, जिला सिरसा तथा विजय कुमार (27) पुत्र प्रदीप भूषण मेघवाल निवासी चाहरवाला, थाना नाथूसरी चौपटा, जिला सिरसा को गिरफ्तार कर लिया। एनडीपीएस एक्ट में मामला दर्ज पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है। बरामद अफीम और जब्त स्कॉर्पियो को कब्जे में लेकर पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस अब आरोपियों से मादक पदार्थ की खरीद-फरोख्त और तस्करी के नेटवर्क के संबंध में पूछताछ कर रही है। दोनों के खिलाफ पहले से मामले दर्ज पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार आरोपी भजनलाल के खिलाफ विभिन्न थानों में 9 मामले दर्ज बताए गए हैं। वहीं आरोपी विजय कुमार के खिलाफ थाना गोगामेड़ी में आर्म्स एक्ट, हत्या और डकैती से संबंधित 2 मामले दर्ज होना बताया गया है।

बुजुर्ग ने आत्महत्या की

डूंगरपुर, (निसं)। जिले के रामसागड़ा थाना क्षेत्र के जालूकुआं गांव में एक बुजुर्ग ने पेड़ से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। उसका शव गांव के पास जंगल में एक पेड़ से लटका हुआ मिला। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

रामसागड़ा थाने के हैड कॉन्स्टेबल राजेंद्र बुनकर ने बताया कि जालुकुआ निवासी दिनेश मेणात ने इस संबंध में रिपोर्ट दर्ज कराई है। रिपोर्ट के अनुसार बुधवार सुबह उनके चचेरे भाई ने फोन पर सूचना दी कि उनके पिता बापु मेणात ने गांव के समीप वन विभाग के इलाके में एक पेड़ से रस्सी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली है।

Office of the Additional Chief Engineer (Project) PHED, Ajmer

Qtr. No. II/2, PHED Colony, Vaishali Nagar, near RIICO Watch Factory, Ph. No. 0145-2640265, Fax No. 0145-2640265
Email:acepajm.phed@rajasthan.gov.in

S.No. F()ACE/Proj/Aj/AR-JJM (SEP-NGR)/ 2026-27/2996 Date:14/08/2026

NOTICE INVITING TENDERS FOR WORKS

NIT No. 01/2026-27

Bid for "Bids for the "Operation and Maintenance of Main Pump Houses at Intake Nokha daiya and IPS Deshnok, 74MLD output capacity Water Treatment Plant at Nokha Daiya, including Electrical Mechanical and Instrumentation installations, switch yards, valves etc. and MS pipe line of 1200 mm diameter from Nokha Daiya Pump House to IPS Deshnok and IPS Deshnok Pumping Station to Nagaur (Approximate 131 Km total length) under the Nagaur Lift Project Phase-I, Package-I" is invited for interested bidders up to 07.09.2026. Other particulars of the Bid may be visited on the procurement portal (http://eproc.rajasthan.gov.in, http://sppp.raj.nic.in) of the state.

"SAVE WATER - SAVE LIFE"

UBN No.: PHE2627WLOB04282
NIB No.: PHE2627A2166

(Krishan Kumar Agarwal)
Additional Chief Engineer (Project)
PHED, Region, Ajmer

DIPR/C/14970/2026

OFFICE OF EXECUTIVE ENGINEER PWD DIVISION I SIKAR

No. 2658 Date 11-08-2026

Notice Inviting Bid No. 12/2026-27

Bids for 25 (Twenty Five Nos.) Work are invited from interested bidders upto 06:00 PM dated 25.08.2026. Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (http://eproc.rajasthan.gov.in, http://sppp.raj.nic.in) of the state; and PWD departmental website. The approximate value of the procurement is Rs. 348.87 Lac.

NIB No. PWD2627A2233
UBN No. PWD2627WSOB09927, PWD2627WSOB09932, PWD2627WSOB09961
PWD2627WSOB09963, PWD2627WSOB09964, PWD2627WSOB09974
PWD2627WSOB09977, PWD2627WSOB09980,
PWD2627WSOB10054 to PWD2627WSOB10063
PWD2627WSOB10065 to PWD2627WSOB10071

Executive Engineer
PWD Dn I Sikar

DIPR/C/14906/2026

कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, सार्वजनिक निर्माण विभाग, खण्ड तारानगर

क्रमांक : डी-1067-76 दिनांक : 14/08/2026

ई-निविदा सूचना संख्या : 17/2026-27

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से तारानगर खण्ड के अन्तर्गत भवन निर्माण कार्य कुल 01 कार्य हेतु उपयुक्त श्रेणी के सार्वजनिक निर्माण विभाग राजस्थान में पंजीकृत संवेदकों एवं राज्य सरकार / केन्द्र सरकार के अधिकृत संगठनों / केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग / डाक एवं दूरसंचार विभाग / रेलवे इत्यादि में पंजीकृत संवेदकों जो कि राजस्थान सरकार के उपयुक्त श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हों, से निर्धारित प्रपत्र में ई-टेन्डिरिंग प्रक्रिया द्वारा ऑन-लाईन ई-निविदाएँ आमन्त्रित की जाती है। आर.पी.डब्ल्यू.ए.-100 की शर्त लागू होगी। ई-निविदा से सम्बन्धित विवरण वेबसाईट eproc.rajasthan.gov.in तथा sppp.raj.nic.in पर देखा जा सकता है। SPPP पर अपलोड NIB No. PWD2627A2363 के UBN No. निम्न प्रकार है-

UBN No.- 1. PWD2627WSOB10495

(ऋतिक सांखला)
अधिशाषी अभियन्ता,
सा.नि.वि. खण्ड-तारानगर

DIPR/C/15227/2026

अजमेर के आश्रम में साथी ने सरिये से हमला कर युवक की हत्या की

अजमेर, (निसं)। कायड़ रोड स्थित जय अंबे पार्क कॉलोनी में सहकारिता विभाग के अधीन संचालित आश्रम में मंगलवार देर रात एक युवक की हत्या से सनसनी फैल गई। आश्रम में रहने वाले एक 40 वर्षीय युवक पर उसके ही साथी ने कथित तौर पर सरिये से हमला कर दिया। सिर में गंभीर चोट लगने से युवक की हालत बिगड़ गई। आश्रम में मौजूद लोग उसे तत्काल जवाहरलाल नेहरू अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही सिविल लाइंस थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण कर जांच शुरू कर दी।

पुलिस के अनुसार कायड़ रोड स्थित जय अंबे पार्क कॉलोनी में सहकारिता विभाग के अधीन आश्रम संचालित है। यहां वर्तमान में 17 पुरुष और एक महिला रह रहे हैं। मंगलवार रात करीब दो बजे आश्रम में रहने वाले 20 वर्षीय आमीन ने अपने साथ रह रहे 40 वर्षीय हुंकार पर सरिया से हमला कर दिया। अचानक हुए हमले के बाद आश्रम में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। गंभीर रूप से घायल हुंकार को आश्रम में मौजूद अन्य लोग उपचार के लिए जेएलएन अस्पताल लेकर पहुंचे, लेकिन उसकी जान नहीं बच सकी। घटना की जानकारी मिलने के बाद सिविल लाइंस थाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर प्रारंभिक जांच की।

- **सहकारिता विभाग के अधीन संचालित आश्रम की घटना, पुलिस मौके पर पहुंची**
- **सिविल लाइंस थाना पुलिस ने आश्रम में ही रहने वाले 20 वर्षीय आमीन को हिरासत में लिया, पूछताछ जारी**
- **दोनों के बीच किसी बात को लेकर विवाद हुआ था या घटना के पीछे कोई अन्य कारण था, जांच शुरु**

थाना प्रभारी शंभू सिंह ने बताया कि आश्रम के मैनेजर पारस मेघवाल की ओर से पुलिस को रिपोर्ट दी गई है। रिपोर्ट के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस ने आश्रम में ही रहने वाले 20 वर्षीय आमीन को हिरासत में लिया है और उससे पूछताछ की जा रही है।

बुधवार सुबह पुलिस के साथ एफएसएल और एमओबी की टीम भी घटनास्थल पर पहुंची। टीम ने आश्रम परिसर में घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया और मौके से आवश्यक साक्ष्य जुटाए। पुलिस की प्रारंभिक जांच में सरिया से हमला किए जाने की बात सामने आई है। घटनास्थल से मिले साक्ष्यों को जांच का हिस्सा बनाया गया है।

पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि आखिर आमीन ने हुंकार पर हमला क्यों किया। दोनों के बीच किसी बात को लेकर विवाद हुआ था या घटना के पीछे कोई अन्य कारण था, इसे लेकर आरोपी से पूछताछ की जा रही है। पुलिस आश्रम में रहने वाले अन्य लोगों से भी जानकारी जुटा रही है, ताकि घटना से पहले की परिस्थितियों का पता लगाया जा सके। फिलहाल पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है और मामले की सभी पहलुओं से जांच की जा रही है।

कार्यालय विकास अधिकारी पंचायत समिति झालरापाटन, जिला झालावाड़ (राज0)

क्रमांक / लेखा/निविदा/2026-27/155 दिनांक :-14.08.2026

ऑनलाईन निविदा सूचना

NIB code: ZJL2627A0109
UBN No.: ZJL2627WSOB00126

डिस्ट्रीक्ट मिनरल फाउण्डेशन ट्रस्ट, झालावाड़ की गवर्निंग काउंसिल की बैठक दिनांक 25.02.2026 से अनुमोदित प्रस्तावों के वित्त विभाग से सहमति के आधार पर श्रीमान जिला कल्क्टर एवं अध्यक्ष महोदय, डिस्ट्रीक्ट मिनरल फाउण्डेशन ट्रस्ट, झालावाड़ द्वारा प्रशासनिक स्वीकृति क्रमांक 134-135 दिनांक 02.06.2026 एवं वित्तीय स्वीकृति क्रमांक 159-160 दिनांक 12.06.2026 द्वारा अधीनस्थ ठाम पंचायत में स्वीकृत निर्माण कार्यो के लिए ग्राम पंचायत स्तर पर इच्छुक राजस्थान पंचायती राज नियम 1996 के नियमों के तहत पंचायती राज विभाग, सार्वजनिक निर्माण विभाग, जल संसाधन विभाग, जन स्वास्थ्य विभाग, नगर निगम एवं राजस्थान के अधिकृत संगठनों में पंजीकृत श्रेणी के संवेदको जो कि राजस्थान सरकार के ए बी सी श्रेणी के संवेदको के समकक्ष हो से ऑनलाइन निविदा के माध्यम से निर्धारित प्रपत्रो में आमन्त्रित की जाती है। निर्धारित प्रपत्र मे e-procurement प्रक्रिया वेबसाईट www.eproc.rajasthan.gov.in पर ऑनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है। पर देखी जा सकती है।

ई निविदा प्रपत्र शुल्क 500/- व निविदा उक्त अमानत राशि का डिमाण्ड ड्राफ्ट संबन्धित ग्राम पंचायत, पंचायत समिति झालरापाटन के पक्ष मे तथा प्रक्रिया शुल्क 500/- का डिमाण्ड ड्राफ्ट एम0डी0आर0आई0एस0एल0 जयपुर के पक्ष मे देय होगा। निविदा समस्त कर सहित प्रस्तुत करे। नियमानुसार भुगतान की जाने वाली राशि से आयकर जी.एस.टी. कर व अन्य कर कटोती की जायेगी। निविदा की हार्ड कॉपी पंचायत समिति झालरापाटन में जमा करावें।

1. निविदा प्रपत्र का http://sppp.rajas